# 05

# वित्तीय परिव्यय और परिणाम

पिछले दो वर्षों के दौरान बजट और व्यय निम्नानुसार हैं:

**(करोड़ रुपये में)**

| वर्ष | बजट अनुमान | संशोधित अनुमान | व्यय | संशोधित अनुमान के संबंध में व्यय का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| 2022–23 | 393.24 | 547.88 | 497.09 | 90.73 |
| 2023–24 | 642.32@ | 619.04@ | 433.17 (दिसंबर, 2023 तक) | 70 |

*@ कोयला और लिग्नाइट अन्वेषण की केंद्रीय क्षेत्र स्कीम के लिए बजट अनुमान 2023–24 में किए गए 450 करोड़ रुपये के प्रावधान को संशोधित अनुमान 2023–24 में घटाकर 430 करोड़ रुपये कर दिया गया है और इसे एनएमईटी फंड (वसूली के माध्यम से) के माध्यम से पूरा किया जाएगा।*

वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान; संशोधित अनुमान में 547.88 करोड़ रुपये के आवंटन की तुलना में 497.09 करोड़ रुपये का उपयोग किया गया। वित्तीय वर्ष 2022–23 में अप्रयुक्त राशि मुख्य रूप से केंद्रीय क्षेत्र स्कीमों के तहत पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए अनिवार्य प्रावधानों के कारण थी।

वित्तीय वर्ष 2023–24 के दौरान निधियों का उपयोग 433.17 करोड़ रुपये (दिसंबर, 2023 तक) था, जबकि संशोधित अनुमान स्तर पर 619.04 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया था।

वित्त वर्ष 2024–25 के लिए, बजट अनुमान में 922.55 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। इसमें से 843.50 करोड़ रुपये केंद्रीय क्षेत्र स्कीमों के लिए, 10.11 करोड़ रुपये कोयला खान पेंशन स्कीम (सीएमपीएफओ) के लिए सरकारी योगदान हेतु आवंटित किए गए हैं, और शेष 68.94 करोड़ रुपये की राशि सचिवालय (एमओसी), नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी, कोयला नियंत्रक संगठन के लिए आवंटित की गई है।

वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए स्कीम–वार/कार्यक्रमवार आवंटन निम्नानुसार हैं:

**(करोड़ रुपये में)**

| क्र. सं. | स्कीमों के नाम | राजस्व |
|---|---|---|
| 1 | सचिवालय (आर्थिक सेवाएँ) | 41.57 |
| 2 | कोयला खान पेंशन स्कीम –1998 (सीएमपीएस–98), सीएमपीएफओ | 10.11 |
| 3 | कोयला नियंत्रक संगठन | 11.66 |
| 4 | नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी | 15.71 |
| 5 | अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रम | 21.00 |
| 6 | कोयला खानों में संरक्षण, सुरक्षा और बुनियादी ढांचे का विकास | 92.50 |
| 7 | कोयला एवं लिग्नाइट अन्वेषण (*) | 730.00 |
| **कुल** | | 922.55 |
| **एनएमईटी से कम वसूली** | | –(730.00) |
| **निवल योग** | | 192.55 |

*नोट: "कोयला और लिग्नाइट अन्वेषण" हेतु केंद्रीय क्षेत्र स्कीम के लिए निर्धारित 730 करोड़ रुपये के कोष को एनएमईटी निधियों से पूरा किया जाएगा।*

वित्त वर्ष 2024–25 के लिए कोयला पीएसयू के पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) घटक 19529 करोड़ रुपये है, जिसका प्रावधान नीचे दिए गए विवरण के अनुसार आंतरिक और अतिरिक्त बजटीय संसाधनों (आईईबीआर) से किया जाएगा:

*(करोड़ रुपये में)*

| पीएसयू का नाम | 2022—23 | | | 2023—24 | | | 2024—25 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ब.अ. | स.अ. | व्यय | ब.अ. | स.अ. | व्यय (दिसंबर 2023 तक) | ब.अ. |
| सीआईएल | 16500 | 16500 | 18619.27 | 16500 | 16500 | 13440.80 | 15500 |
| एनएलसीआईएल | 2920 | 2920 | 3307.78 | 2880.01 | 2880.01 | 2868.55 | 2429 |
| एससीसीएल | 2000 | 1600 | 1473.17 | 1650 | 1650 | 1322.46 | 1600 |
| **कुल** | **21420** | **21020** | **23400.22** | **21030.01** | **21030.01** | **17631.80** | **19529** |

(करोड़ रुपये में)

